तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (ToFEI)

क्रियान्वयन निर्देशिका

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
झारखण्ड सरकार, एमडीआई भवन, रांची

सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल
डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स), झारखण्ड

The Union

तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान हेतु क्रियान्वयन निर्देशिका का निर्माण

The International Union Against Tuberculosis and Lung Disease (The Union)

के तकनीकी सहयोग से **Bloomberg Initiative Project** के तहत किया गया है।

तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (ToFEI)
के दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु
क्रियान्वयन निर्देशिका
जुलाई - 2022

विशेष जानकारी हेतु सम्पर्क करें:

राज्य तम्बाकू नियंत्रण कोषांग
झारखण्ड स्वास्थ्य मिशन
एम.सी.एच. भवन, आर.सी.एच कैम्पस,
नामकुम, रांची - 834010, झारखण्ड
ई-मेलः ntcpjharkhand@gmail.com

सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल
डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स)
गीता निवास, उपकार नगर, कडरू
रांची - 834002 (झारखण्ड)
ई-मेलः seedsjharkhand@gmail.com

जगरनाथ महतो
मंत्री
मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
तथा
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग
झारखण्ड सरकार

कार्यालय : कमरा सं. 101, प्रथम तल,
एम.डी.आई. भवन, धुर्वा, राँची–834004
फोन : 0651–2400716
फैक्स : 0651–2400637
मोबाईल : +91–94313 24421
ई–मेल : hrdministercelljharkhand@gmail.com
ministerseld.excisejhr@gmail.com

संदेश

जन स्वास्थ्य के हित मे तम्बाकू–सेवन एवं उसके दुष्परिणामों को नियंत्रित करने के लिए सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा–2003) बनाया गया है। इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ–साथ शिक्षा विभाग की भी अहम भूमिका है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तम्बाकू–सेवन से संबंधित जो आंकड़ें सामने आए हैं, वह दर्शाता है कि भारत में 13–15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग कर रहे हैं। झारखण्ड में इस आयु वर्ग के 5.1 प्रतिशत छात्रगण भी किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का सेवन कर रहे हैं जो चिंतनीय है।

राज्य सरकार तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कृत संकल्पित है। राज्य तम्बाकू नियंत्रण कोषांग, झारखण्ड एवं सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) के संयुक्त प्रयास से राज्य के सभी जिलों के शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु जो पहल की जा रही है, उसमें शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को यह तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान **''क्रियान्वयन निर्देशिका''** तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जागरूकता लाने में सहायक होगी।

शुभकामनाओं के साथ;

(जगरनाथ महतो)

आवासीय कार्यालय :
(1) अलारगो, पो.–भण्डारीदह, थाना–चन्द्रपुरा, जिला–बोकारो, झारखण्ड–829132
(2) आवास सं.– 164, 165, 166, 167, रशियन हॉस्टल, सेक्टर–2, पुराना विधानसभा परिसर, धुर्वा, राँची–834004
(3) आवास सं.–एफ टाइप, फॉरेस्ट बंगला–02, डोरण्डा, राँची–834002

बन्ना गुप्ता
मंत्री

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण
तथा आपदा प्रबंधन विभाग
नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002
फोन : 0651–2491887 (का.)
फैक्स : 0651–2482493 (का.)
ई–मेल : hm.jharkhand@gmail.com

संदेश

तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाये, यह स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक है। तम्बाकू–सेवन से अनेक प्रकार की बीमारियाँ होती हैं, जिसमें कैंसर सबसे प्रमुख है। वैश्विक वयस्क तम्बाकू सर्वेक्षण–2017 के अनुसार झारखण्ड में 38.9 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं, जिसमें अधिकतर लोग चबाने वाले तम्बाकू का सेवन अधिक करते हैं, जो मुँह के कैंसर का सबसे बड़ा कारण है।

बच्चों और अवयस्कों को तम्बाकू–सेवन की लत से बचाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है, ताकि हम अपनी आने वाली युवापीढ़ी को इसकी भयावहता से बचा सकें। इस हेतु तम्बाकू–सेवन के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षण संस्थानों में जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा–2003) की विभिन्न धाराओं का सख्ती से अनुपालन कराना ज़रूरी है।

राज्य सरकार तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कृत संकल्पित है, जिसमें गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुझे खुशी है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राज्य स्वास्थ्य मिशन समिति, झारखण्ड एवं सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) संयुक्त रूप से शिक्षण संस्थानों में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में प्रयत्नशील है।

आशा है, सीड्स द्वारा **ToFEI Guidelines** के अनुरूप विकसित **क्रियान्वयन निर्देशिका** शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त सुनिश्चित करवाने में उपयोगी सिद्ध होगी।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

(बन्ना गुप्ता)

अरूण कुमार सिंह, भा.प्र.से.
अपर मुख्य सचिव

Arun Kr. Singh I.A.S.
Additional Chief Secretary

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
नेपाल हाउस, डोरंडा, राँची–834002

Government of Jharkhand
Department of Health, Medical Education &
Family Welfare
Nepal House, Doranda, Ranchi - 834 002

शुभकामना संदेश

हर साल भारत में तम्बाकू–सेवन से होने वाली बीमारियों से लगभग 13 लाख लोगों की मौत हो रही है। यह देश की उत्पादकता और अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में से 40 रोगी तम्बाकू सेवन के कारण मरते हैं। लगभग 90 प्रतिशत मुँह का कैंसर तम्बाकू–सेवन करने वाले व्यक्तियों में होता है।

ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) के आंकड़ों के मुताबिक झारखण्ड में 13–15 वर्ष के 5.1 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं। यह राज्य सरकार के लिए चिन्ता का विषय है।

तम्बाकू नियंत्रण के प्रयासों को गति देने के लिए राज्य स्वास्थ्य मिशन समिति, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) के प्रभावी अनुपालन हेतु कटिबद्ध है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा 2003) के विभिन्न प्रावधानों को शिक्षण संस्थानों में लागू किया जाना है। कोटपा–2003 की धारा 6B के अनुसार सभी शैक्षणिक संस्थान एवं उसका परिसर तम्बाकू मुक्त घोषित है तथा इसके 100 गज के दायरे में किसी भी तरह का तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है।

राज्य तम्बाकू नियंत्रण कोषांग एवं सोशियो इकोनोमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) के संयुक्त प्रयास से तैयार की गई क्रियान्वयन निर्देशिका प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने में मददगार साबित होगी।

इन जनहितकारी प्रयासों के लिये मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

(अरूण कुमार सिंह)

Nepal House, Doranda, Ranchi - 834002 • **Tel :** +91 651 2491033 / 2261000
e-mail : hlthdept.fdi@gmail.com / arunsinghhealth@gmail.com

राजेश कुमार शर्मा, भा.प्र.से.
सरकार के सचिव

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
झारखण्ड सरकार

संदेश

तम्बाकू–सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के परिसर एवं आस–पास तम्बाकू उत्पाद जैसे कि सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला, जर्दा एवं खैनी इत्यादि की बिक्री की जाती है। इससे कम आयु के युवाओं एवं छात्रों में धूम्रपान एवं तम्बाकू–सेवन के व्यसन को बढ़ावा मिलता है। अवयस्क और युवा वर्ग, तम्बाकू पर आधारित व्यापार एवं उद्योगों के निशाने पर होते हैं, यह हमारे लिए एक गंभीर चिन्ता का विषय है।

अवयस्कों और युवाओं को तम्बाकू के व्यसन से बचाने के लिए राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज़ के दायरे में अवस्थित तम्बाकू उत्पाद के दुकानों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दिशा में राज्य तंबाकू नियंत्रण कोषांग, झारखण्ड एवं सोशियो इकोनोमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) के प्रयास से **"तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान क्रियान्वयन निर्देशिका"** बनाया गया है। आशा है, यह निर्देशिका राज्य एवं जिला स्तर पर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संचालन में अहम् भूमिका निभायेगी, साथ ही झारखण्ड में सभी जिलों के शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने की दिशा में कारगर सिद्ध होगी।

शुभकामनाओं सहित;

(राजेश कुमार शर्मा)

गाउंड फ्लोर, एम.डी.आई. बिल्डिंग, धुर्वा, राँची, झारखण्ड-834004
ई-मेलः edu.jharkhand@gov.in, hrdjharkhand@gmail.com
फोनः 0651-2400797 (O)

The Union

A CENTURY OF LEADERSHIP IN LUNG HEALTH

Tobacco Control at The Union
United for a tobacco-free future

Dr Rana J Singh
Deputy Regional Director
The Union South East Asia
International Union Against Tuberculosis and Lung Disease
New Delhi- 110016.

MESSAGE

Tobacco in India kills more than 13.5 lakh people every year and most of them start using tobacco before the legal age of access to tobacco i.e. 18 years. Access and exposure to tobacco use before the age of 18 years is prohibited under the Cigarettes and Other Tobacco Products Act (COTPA) and the Juvenile Justice Act 2015. To implement the provisions of the law, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India formulated detailed guidelines to make all educational institutions in the country tobacco free.

While 38.9% of all adults either smoke tobacco and or use smokeless tobacco in the state of Jharkhand, the prevalence of tobacco use among youth (aged 13-15 years) is 5.1%. Young girls are not only more prone to tobacco use than boys in the state, they are initiating tobacco use at an earlier age as well. The sooner a person starts using tobacco, the stronger their addiction, and more likely they are to become a lifelong user, compared to those who start later.

Educational institutions are in a uniquely powerful position to play a major role in reducing the serious problem of tobacco use among youth as children spend about one third of their day in schools or institutions. A positive and tobacco free environment at educational institutions will help youth remain tobacco free and prevent their experimentation with tobacco addiction.

These comprehensive operational guidelines developed by SEEDS in collaboration with Departments of School Education & Literacy, Government of Jharkhand will help as a ready reckoner for the school and college staff to make their institutions tobacco free. These guidelines are an important step towards ensuring a tobacco-free environment in and around all educational institutions and therefore, creating a tobacco free future for the children of Jharkhand.

Dr Rana J Singh

प्रस्तावना

ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तम्बाकू–सेवन से संबंधित जो आँकड़े संकलित किये गये हैं, वह यह दर्शाता है कि भारत में 13–15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग कर रहे हैं। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (GATS–2) की रिपोर्ट भारत में वर्ष 2018 में जारी की गयी। इस सर्वेक्षण में पाया गया कि देश भर में तम्बाकू के उपयोग में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई है। उक्त ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (GATS–2) में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में विशेषकर झारखण्ड राज्य में तम्बाकू–सेवन करने वालों में 11.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। यह झारखण्ड में तम्बाकू नियंत्रण प्रयासों की सफलता को प्रदर्शित करता है।

GATS–2 सर्वेक्षण में दिए गए संकेतों से यह स्पष्ट हुआ कि किशोरों और युवा अवयस्कों में अभी भी तम्बाकू का उपयोग बहुत अधिक है, जो राज्य सरकार के लिए अत्यधिक चिंता का विषय है। तम्बाकू उद्योग या व्यापार में जुड़ी संस्थायें तरह–तरह के हथकंडे अपनाकर खास तौर पर बच्चों और युवाओं को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करते हैं। तम्बाकू उद्योग के इन हथकंडों से बच्चों एवं युवाओं को बचाने की जरूरत है। इस परिप्रेक्ष्य में तम्बाकू नियंत्रण के प्रयासों को निरंतर बढ़ाने और उसे बनाए रखने की आवश्यकता महसूस की गई है।

शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तम्बाकू मुक्त विद्यालय/शिक्षण संस्थान गाईडलाइन जारी किया गया था। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (GATS–2) के रिपोर्ट के आधार पर उक्त गाईडलाइन की समीक्षा कर नई गाईडलाइन जारी करने की आवश्यकता महसूस की गई और भारत सरकार ने 2019 में तम्बाकू–मुक्त विद्यालय/शैक्षणिक संस्थानों के लिए पुनरीक्षित गाईडलाइन (ToFEI Guidelines) जारी किया।

ToFEI गाईडलाइन के प्रमुख उद्देश्य (i) शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों के बीच तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जागरूकता, (ii) तम्बाकू–सेवन–परित्याग के लिए उपलब्ध विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी, (iii) तम्बाकू उत्पादों की बिक्री और उपयोग के संबंध में स्थानीय प्रावधानों का बेहतर क्रियान्वयन, (iv) शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित वैधानिक चेतावनी का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा (v) किशोर एवं युवा वर्ग में तम्बाकू नियंत्रण की गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

प्रस्तुत क्रियान्वयन निर्देशिका उपर्युक्त उद्देश्यों और उसके अपेक्षित परिणामों को सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराता है। इस दिशा–निर्देश (ToFEI Guidelines) को सभी शैक्षणिक संस्थान अर्थात् स्कूल, उच्च या व्यावसायिक शिक्षा के लिए महाविद्यालय, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों में लागू किया जाना है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस एंड लंग डिजीज (दी यूनियन) के तकनीकी सहयोग से राज्य तम्बाकू नियंत्रण कोषांग, झारखण्ड और सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) द्वारा तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ToFEI) के दिशा–निर्देशों के अनुरूप इस क्रियान्वयन निर्देशिका को विकसित किया गया है।

आशा है कि शैक्षणिक संस्थानों को "तम्बाकू मुक्त" बनाने एवं घोषित करने में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश (ToFEI Guidelines) के अनुरूप तैयार की गई प्रस्तुत क्रियान्वयन निर्देशिका सम्बंधित प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के लिए उपयोगी साधन (Tool) साबित होगी।

सुनील कुमार, भा.प्र.से.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा–सह नोडल पदाधिकारी
(तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम)
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड

विषय-सूची

पृष्ठ संख्या

संदेश

प्रस्तावना

1. तम्बाकू नियंत्रण की आवश्यकता 1
2. तम्बाकू–सेवन का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव 2
3. तम्बाकू नियंत्रण हेतु कानूनी प्रावधान 3–4
4. तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान हेतु की जाने वाली गतिविधियां 5–13
5. तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (ToFEI) के अनुपालन का स्व–मूल्यांकन 14

अनुलग्नक

I) ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (GYTS-2019) झारखण्ड 15–18

II) कोटपा–2003 की धारा 6 के अनुपालन हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी 19

III) स्पॉट फाईन रसीद का प्रारूप 20

IV) शिक्षण संस्थानों में लिए जाने वाले शपथ–पत्र का प्रारूप 21

V) शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक द्वारा दिया जाने वाला स्व–घोषणा प्रमाण–पत्र का प्रारूप 22

VI) सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करने हेतु जारी निदेश–पत्र 23–24

तम्बाकू नियंत्रण की आवश्यकता

तम्बाकू सेवन देश की सबसे तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। हर साल भारत में तम्बाकू–सेवन से होने वाली बिमारियों से 13 लाख लोगों की मौत हो रही है। यह देश की उत्पादकता और अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ी चुनौती है। लेकिन, संतोष की बात है कि तम्बाकू से होने वाली बीमारियों और मौतों को बहुत आसानी से रोका जा सकता है।

यूं तो तम्बाकू का उपयोग पूरी दुनियाँ के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। लेकिन, आपको यह जान कर हैरानी होगी कि इसका कारोबार और उपयोग विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों में ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। तम्बाकू उद्योग तरह–तरह के हथकंडे अपना कर खास तौर पर बच्चों और युवाओं को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करते हैं। तम्बाकू उद्योग के इन हथकंडों से बच्चो एवं युवाओं को बचाने की जरूरत है।

तम्बाकू नियंत्रण के प्रयासों को गति देने के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2007–08 में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) की शुरूआत की गई थी। NTCP के अंतर्गत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा 2003) के विभिन्न प्रावधानों को लागू करने के साथ ही तम्बाकू नियंत्रण हेतु अन्य गतिविधियों जैसे विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, आईईसी गतिविधियां, सभी हितधारकों का क्षमतावर्धन एवं तम्बाकू विमुक्ति केंद्र के माध्यम से तम्बाकू सेवनकर्ताओं को परामर्श भी दिया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार के द्वितीय ग्लोबल ऐडल्ट टोबैको सर्वे (2017) के अनुसार भारत में 28.6 प्रतिशत वयस्क 42.4 प्रतिशत पुरुष एवं 14.2 प्रतिशत महिला तम्बाकू का सेवन करते हैं। जबकि, झारखण्ड में 38.9 प्रतिशत वयस्क 59.7 प्रतिशत पुरुष एवं 17.0 प्रतिशत महिला तम्बाकू का सेवन करते हैं। जिसमें 35.4 प्रतिशत सुंघने या चबाने वाले तम्बाकू का सेवन करते हैं। प्रथम एवं द्वितीय ग्लोबल ऐडल्ट टोबैको सर्वे से प्राप्त आंकड़ो के अनुसार झारखण्ड में तम्बाकू सेवन करने वालों में 11.2 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य सरकार द्वारा सफलतापूर्वक अनुपालन करवाने की कोशिश की जा रही है।

ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तम्बाकू सेवन से संबंधित जो आकड़ें संकलित किये गये हैं, वह यह दर्शाता है कि भारत में 13–15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग कर रहे हैं। जबकि, ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) के आंकड़ों **(अनुलग्नक–I)** के मुताबिक झारखण्ड में इस आयु वर्ग के 5.1 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का सेवन कर रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा तम्बाकू आपदा को नियंन्त्रित करने के लिए सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम (COTPA) 2003 बनाया गया है। तम्बाकू नियंत्रण कानून, सिगरेट तथा अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम कोटपा, 2003 को लागू करने का मुख्य उद्देश्य कम उम्र के युवाओं एवं जन–समूह को तम्बाकू उत्पााद की पहुंच से रोकना, इनको तम्बाकू की हानिकारक लत से रोकना तथा इसके परिष्करण को सीमित करना और इसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाना है।

प्रायः ऐसा देखा जाता है कि राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के परिसर एवं आस–पास तम्बाकू उत्पाद जैसे कि सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला, जर्दा एवं खैनी इत्यादि की बिक्री की जाती है। इससे कम आयु के युवाओं एवं छात्रों में धूम्रपान एवं तम्बाकू सेवन की लत को बढ़ावा मिलता है। युवाओं को तम्बाकू उत्पाद की पहुंच से बचाने के लिए भारतीय तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (COTPA 2003) की धारा–6 में यह प्रावधान है कि 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचा जा सकता है; साथ ही, किसी भी शैक्षणिक संस्थान के आसपास 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है।

तम्बाकू-सेवन का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव

तम्बाकू शरीर के लगभग प्रत्येक अंग को क्षति पहुँचाता है, जिससे बहुत सारी बीमारियाँ होती हैं। तम्बाकू सेवन से सिर, गर्दन, गले और फेंफड़े के कैंसर के मामले सर्वाधिक होते हैं। सभी प्रकार के कैंसरों में तम्बाकू के सेवन से जुड़े कैंसरों का हिस्सा 10 प्रतिशत है जबकि, 90 प्रतिशत मुँह का कैंसर तम्बाकू के उपयोग से होते हैं। यह मुख, गला, फेंफड़े, कंठ, खाद्यनली, मूत्राशय, गुर्दा आदि स्थानों का कैंसर पैदा कर सकता है। इसके सेवन से हृदय और रक्त संबंधी बीमारियाँ, पुरुषों में नपुंसकता और महिलाओं में प्रजनन क्षमता में कमी आना; बांझपन जैसी समस्याएँ पैदा होती हैं।

धूम्रपान नहीं करनेवाले पुरुषों की तुलना में धूम्रपान करनेवाले पुरुषों को फेफड़े का कैंसर होने की 23 गुना ज्यादा संभावना होती है। महिलाओं में 13 गुना ज्यादा संभावना होती है। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की आयु धूम्रपान न करने वाले व्यक्ति की तुलना में 22 से 28 प्रतिशत घट जाती है, फेफड़े का कैंसर होने का खतरा 20 से 25 गुना अधिक रहता है, अचानक मौत होने का खतरा 3 गुना अधिक रहता है।



अप्रत्यक्ष या परोक्ष धूम्रपान भी हानिकारक है जिसके कारण बच्चों में श्वांस की बीमारी के लक्षण पाये गये हैं।

तम्बाकू–सेवन से व्यक्ति को पक्षाघात (लकवा) होने का लगभग 2 गुना खतरा होता है। टी.बी. भारत में अकाल मृत्यु का एक बड़ा कारण है, विशेषकर वैसे व्यक्तियों में जो धूम्रपान करते हैं। खास तौर पर, धूम्रपान का संबंध जटिल टी.बी. रोग के खतरा से है।

तम्बाकू सेवनकर्त्ताओं में रक्त धमनियों के संकुचित हो जाने से शरीर में रक्त का संचार कम हो जाता है। तम्बाकू के गैर–सेवनकर्त्ताओं की तुलना में सेवनकर्त्ताओं को रक्त परिसंचरण रोग होने का खतरा 10 गुना होता है।

तम्बाकू–सेवन से पुरुषों में नपुंसकता और कम शुक्राणुओं के बनने सहित पुरुषों और महिलाओं दोनों में यौन रोग और खराब प्रजनन संबंधी समस्यायें होती हैं।

तम्बाकू–सेवन प्रतिरक्षण तंत्र के कार्य को प्रभावित करता है और साँस तथा अन्य संक्रमणों के खतरे की संभावना होती है। तम्बाकू सेवन मधुमेह होने की संभावना को बढ़ाता है।

तम्बाकू नियंत्रण हेतु कानूनी प्रावधान

भारत सरकार के द्वारा तम्बाकू उपयोग में कमी लाने के लिए सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनिमयन) अधिनियम – कोटपा 2003 लागू किया गया। तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम – कोटपा, 2003 की मुख्यतः चार धाराओं का अनुपालन कराया जाना आवश्यक है। कोटपा–2003 की चारों धाराओं को विस्तार से निम्नलिखित तालिका में दिखाया गया है:–

धारा	उद्देश्य / तर्क	उल्लंघन	जुर्माना एवं कारावास
धारा 4	इस धारा को बनाए जाने के पीछे तर्क यह था कि अप्रत्यक्ष धूम्रपान (Indirect / Second Hand Smoking) को कैसे रोका जाये।	तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अनुसार किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है।	200 रुपये तक का जुर्माना
धारा 5	इस धारा को बनाए जाने के पीछे तर्क यह था कि तम्बाकू उत्पादों के प्रति लोगों, खास तौर पर बच्चों एवं युवाओं में आकर्षण को कम किया जा सके।	तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 5 के अनुसार किसी भी तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन, प्रोत्साहन एवं तम्बाकू कम्पनियों द्वारा किसी इवेन्ट का प्रायोजन अथवा स्पॉन्सरशिप करना प्रतिबंधित है।	प्रथम उल्लंघन पर 1000 रुपये तक का जुर्माना अथवा 02 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों। द्वितीय बार अथवा अगले बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपये तक जुर्माना अथवा 05 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों।
धारा 6A	इस धारा को बनाए जाने के पीछे तर्क यह था कि अवयस्कों को तम्बाकू की लत से बचाया जा सके ताकि आने वाली पीढ़ी तम्बाकू के दुष्परिणामों से बच सकें।	तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 6A के अनुसार किसी भी अवयस्क या बच्चों को तम्बाकू उत्पाद बेचना या उनके द्वारा बिकवाना प्रतिबंधित है।	200 रुपये तक का जुर्माना
धारा 6B		तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 6B के अनुसार किसी भी शिक्षण संस्थाओं के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है।	200 रुपये तक का जुर्माना

धारा	उद्देश्य / तर्क	उल्लंघन	जुर्माना एवं कारावास
धारा 7	इस धारा को बनाए जाने के पीछे तर्क यह था कि अशिक्षित वर्ग के लोगों को जिन्हें पढ़ना–लिखना नहीं आता है, वे तम्बाकू के दुष्परिणामों को चित्र के माध्यम से देख एवं समझ सकें एवं सचेत हो सकें।	तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 7 के अनुसार किसी भी तम्बाकू उत्पादों के पैकेट के मुख्य भागों पर 85 प्रतिशत हिस्से पर चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी के बिना नहीं बेचा जा सकता है।	निर्माता अथवा उत्पादनकर्ता पर प्रथम बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपये तक का जुर्माना अथवा 02 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों।

नोटः– बच्चों एवं अवयस्कों से संबंधित कोटपा की धारा 6 के उल्लंघन पर कार्रवाई करने हेतु प्राधिकृत पदाधिकारियों की सूची **अनुलग्नक II** पर उपलबध है। साथ ही, उल्लंघनकर्त्ताओं को जुर्माना किये जाने पर दिये जाने वाली रसीद का नमूना **अनुलग्नक III** पर दिया गया है।

झारखण्ड राज्य में तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम – कोटपा, 2003 की विभिन्न धाराओं का प्रभावकारी अनुपालन हेतु राज्य सरकार के द्वारा प्रतिबद्ध प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) के अंतर्गत कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु राज्य स्तर पर मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति (STCCC) का गठन किया गया है। साथ ही, सभी जिलों में कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति (DTCCC) गठित है। राज्य सरकार द्वारा तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा – 2003) के उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई हेतु सभी जिलों में जिला, अनुमंडल तथा प्रखण्ड स्तर पर त्रिस्तरीय छापामार दस्ते का गठन किया गया है

तम्बाकू नियंत्रण हेतु अन्य कानूनी प्रावधान

किशोर न्याय (बाल देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 (धारा 77)

किशोर न्याय अधिनियम 2015 कि धारा 77 के अंतर्गत 16 वर्ष से कम के अवयस्क को तम्बाकू उत्पाद बेचने पर **7 साल की कैद** एवं **1 लाख रुपये जुर्माने** का प्रावधान है।
इस अधिनियम के अन्तर्गत धारा 107(1) के तहत बाल कल्याण पुलिस अधिकारी नामित किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986

जहरीला धुआँ हमारे पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचाता है जिससे लोगों के अलावा बाहरी लोगों को भी इसका भार झेलना पड़ता है, अधिनियम में उल्लेखित है कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक कानून 2006, खाद्य संरक्षण अधिनियम 2011–2.3.4

इस कानून के बिन्दु 2. 3. 4 में कहा है कि खाद्य उत्पादों में कोई भी ऐसा पदार्थ नही होना चाहिए जो स्वास्थ्य के प्रति हानिकारक हो :– तम्बाकू और निकोटिन भी किसी खाद्य पदार्थ का हिस्सा नही बनाना चाहिए।
किसी खाद्य उत्पाद में संघटकों के रूप में तम्बाकू या निकोटिन का उपयोग नहीं किया जा सकता है। माननीय उच्चन्यायालय के आदेश क्रमांक 1/10 दिनांक 23–9–16 के अनुसार पान मसाला एवं तम्बाकू के अलग–अलग पैकेटो को एक साथ स्टेपल कर या Joint pack में अथवा पान मसाला एवं तम्बाकू के एक साथ संयुक्त कर नहीं बेचा जा सकता है।
खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 41 एवं 42 के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 272 एवं 273 के अन्तर्गत कार्रवाई की जा सकती है।
राज्य खाद्य एवं औषध प्रशासन के उपनिरिक्षक और इनके उपर के अधिकारी जुर्माना कर सकते है।

ड्रग एड कास्मेटिक एक्ट 1940

इस कानून के अन्तर्गत 1992 में सभी डेन्टल उत्पादों में तम्बाकू का उपयोग प्रतिबन्धित किया गया है।

केबल टेलिविजन नेटवर्क एक्ट 2000

इसके अन्तर्गत केबल टेलिविजन, राज्य के इलेक्ट्रानिक मीडिया में तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन प्रतिबंधित है।

भारतीय दण्ड संहिता (IPC) की धारा 268, 269, 278

उपरोक्त धाराओं के अन्तर्गत भी तम्बाकू उपयोग को नियंत्रित किया जा सकता है।

तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान हेतु की जाने वाली गतिविधियाँ

गतिविधि – 1: शैक्षणिक संस्थान परिसर के अन्दर सभी प्रमुख स्थानों पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान एवं धूम्रपान रहित क्षेत्र के संकेत बोर्ड का प्रदर्शन।

शिक्षण संस्थानों के प्रवेश द्वार के बाहर चारदीवारी पर नीचे दिये गये संकेत बोर्ड के अनुरूप **"तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान"** का बोर्ड अथवा दीवार लेखन सहज अवलोकनीय स्थान पर दर्शाया जाए।

इसी प्रकार "विद्यालय परिसर में प्रत्येक मंजिल के विशिष्ट स्थान पर नीचे दिए गए संकेत बोर्ड के अनुरूप **"धूम्रपान निषेध"** का बोर्ड अथवा दीवार लेखन अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाना है।

- संकेत बोर्ड का आकार :– कम से कम 60 सेमी x 45 सेमी रहेगा। संकेत बोर्ड का रंगः– उपरोक्त नमूने के अनुसार रंग होगा।
- तम्बाकू मुक्त /शिक्षण संस्थान एवं धूम्रपान निषेध का संकेत बोर्ड, बनवाकर दीवार पर लगाया जा सकता है या इसका दीवार लेखन भी कराया जा सकता है।
- यदि संभव हो तो शैक्षणिक संस्थानों में संदेश को ऊपर दिये गये निर्देश की भाषा में या स्थानीय भाषा/बोली में संदेश लिखकर संकेत बोर्ड/दीवार पेंटिग के रूप में दिखा सकते हैं।
- संकेत बोर्ड/दीवार पेंटिग को परिसर में अन्दर एवं बाहर प्रमुख स्थानों जैसे चारदीवारी, मुख्य प्रवेश द्वार, कार्यालय के सूचना पट, और ऐसे स्थानों पर दिखाया जा सकता है, जहाँ संस्थान प्रबंधन को लगता है कि यह इच्छित संदेश को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया जा सकता है।
- साथ ही, शिक्षण संस्थाओं में एक तम्बाकू नियंत्रण कमेटी का गठन किया जाना है। उक्त कमिटी में शिक्षक, छात्र, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक संघ के प्रतिनिधि इत्यादि शामिल होने चाहिए। शिक्षण संस्थानों में स्टाफ, सदस्य, शिक्षक अथवा विद्यार्थियों को **"टोबैको मॉनिटर"** के रूप में नामित किया जाना है। यदि विद्यार्थी को टोबैको मॉनिटर नामित किया जाता है तो यह ध्यान में रखा जाये कि वह कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत हो। इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि मॉनिटर स्वयं तंबाकू का उपयोग करने वाला नहीं हो। विद्यालय परिसर में मुख्य स्थानों पर टोबैको मॉनिटर के नाम, पद व फोन नंबर अंकित किए जाए।

गतिविधि – 2 : शैक्षणिक संस्थान के सभी प्रवेश द्वार के बाहर चारदीवारी पर ''तम्बाकू मुक्त परिसर'' के संकेत बोर्ड का प्रदर्शन।

60 से.मी.

45 से.मी.

संकेत बोर्ड के लिए आवश्यक निर्देश:

- संकेत बोर्ड का आकार :– कम से कम 60 से.मी. X 45 से.मी. रहेगा
- संकेत बोर्ड का रंग:– उपरोक्त नमूने के अनुसार रंग होगा।
- तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का संकेत, बोर्ड बनवाकर सभी प्रवेश द्वार के बाहर दीवार पर टांगा जा सकता है या दीवार लेखन किया जा सकता है।
- यदि संभव हो तो शैक्षिक संस्थानों में उक्त बोर्ड को ऊपर दिये गये निर्देश की भाषा में तथा स्थानीय भाषा/बोली में संदेश लिखकर संकेत बोर्ड/दीवार लेखन के रूप में दिखा सकते हैं।
- संकेत बोर्ड/दीवार पेंटिग को परिसर से बाहर प्रमुख स्थानों जैसे चारदीवारी, मुख्य प्रवेश द्वार और ऐसे स्थानों पर दिखाया जा सकता है, जहाँ प्रबंधन को लगता है कि यह इच्छित संदेश को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया जा सकता है।

गतिविधि – 3: तम्बाकू उपयोग करने के प्रमाण उपलब्ध नहीं होना, जैसे कि सिगरेट/बीड़ी के टुकड़े अथवा गुटखा/तम्बाकू के पाउच, थूक के धब्बे आदि प्राप्त नहीं होना।

शैक्षणिक संस्थान परिसर के अन्दर सिगरेट/बीड़ी के जले हुए टुकड़े/तम्बाकू उत्पादों गुटखा का खाली रैपर/खैनी के पीक के दाग–धब्बे आदि फेंकने जैसे तम्बाकू उत्पादों का अवशेष के रूप में साक्ष्य नहीं मिलना चाहिए। उक्त आशय का संदेश परिसर में विभिन्न स्थानों पर चिपकाया जाना है। नीचे दिए गए बॉक्स के अनुरूप संदेश को परिसर में सूचना पट पर चिपकाएं:–

आवश्यक सूचना

तम्बाकू उत्पादों जैसे सिगरेट/बीड़ी बड्स या तम्बाकू उत्पादों के रैपर, खाली पैकेट्स आदि का फेंकना तथा तम्बाकू–सेवन कर थूकना पूर्णतः वर्जित है तथा यह एक दण्डनीय अपराध है।

यदि आप ऐसा कोई उल्लंघन देखते हैं; तो कृपया निम्नालिखित नामित व्यक्ति को सूचित करें–

मॉनिटर का नाम .....

पदनाम .....

सर्म्पक सूत्र/मोबाईल नं. .....

आवश्यक निर्देश:

- चूँकि परिसर में तम्बाकू उत्पादों का सेवन मना है। इसलिए यदि तम्बाकू उपयोग के बाद उसके अवशेष परिसर में मिलते हैं तो यह समझा जायेगा कि तम्बाकू का प्रयोग परिसर में हुआ है।
- परिसर को स्वच्छ रखें। यह हमेशा ध्यान रखें कि तम्बाकू उत्पादों के उपयोग के बाद उसके बचे हुए अवशेष परिसर में दिखाई नहीं देना चाहिए।
- यदि संभव हो तो शिक्षण संस्थान में संदेश को निर्देश की भाषा में तथा स्थानीय भाषा में संदेश लिखकर संकेत पट/संकेत बोर्ड/दीवार लेखन के रूप में दिखा सकते हैं।
- संकेत बोर्ड/दीवार लेखन को परिसर से बाहर प्रमुख स्थानों जैसे चारदीवारी, सभी प्रवेश द्वार, कार्यालय के सूचना पट, और ऐसे स्थानों पर दिखाया जा सकता है, जहाँ प्रबंधन को लगता है कि यह इच्छित संदेश को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया जा सकता है।
- संकेतों पर तम्बाकू मॉनिटर के नाम, पदनाम, और मोबाइल संख्या लिखा होना चाहिए।

गतिविधि – 4: शिक्षण संस्थान परिसर में तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों से सम्बन्धित पोस्टर एवं अन्य जागरूकता सामग्री का प्रदर्शन।

तम्बाकू शरीर के लगभग प्रत्येक अंग को क्षति पहुँचाता है, जिससे बहुत सारी बीमारियाँ होती हैं। तम्बाकू–सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी पोस्टर, चार्टस आदि का बोर्ड, क्लीप बोर्ड या अन्य सुलभ साधन के माध्यम से शिक्षण संस्थान परिसर के अन्दर किसी भी दीवार या ऐसे स्थानों पर लगाया जा सकता है, जहाँ संस्थान–प्रबंधन को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा लोग उक्त पोस्टर, चार्टस एवं जागरूकता सामग्री का अवलोकन कर सकते हैं। पोस्टर, चार्ट एवं जागरूकता सामग्री का नमूना नीचे दिया गया है।



गतिविधि – 5: विगत छह (06) माह की अवधि में तम्बाकू नियंत्रण सम्बंधी कम से कम एक गतिविधि का आयोजन।

शिक्षण संस्था तंबाकू नियंत्रण हेतु अपने–अपने संस्थानों में निम्नांकित गतिविधियों का संचालन करेंगी :–

- प्रार्थना सभा में तंबाकू के उपयोग के विरुद्ध सामूहिक शपथ लेना। शपथ–पत्र का प्रारूप **अनुलग्नक–IV** पर उपलब्ध है।
- विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा– पोस्टर / निबंध स्लोग्न / क्विज़ / वाद – विवाद का आयोजन करना तथा उक्त आधार पर बने पोस्टर और स्लोग्न को सहज अवलोकनीय स्थानों पर प्रदर्शित करना।
- तंबाकू नियंत्रण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों / शिक्षकों / अन्य स्टाफ सदस्यों को प्रशंसा–पत्र प्रदान करना। प्रार्थना सभा तथा बाल सभाओं में स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों को आमंत्रित कर तंबाकू नियंत्रण हेतु लागू कानूनी प्रावधानों की जानकारी दिलवाना।

गतिविधि– 6: शिक्षण संस्थान परिसर में लगे साइनेज में तम्बाकू मॉनिटर का नाम, पदनाम और सम्पर्क सूत्र लिखा होना चाहिए।

प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में स्टाफ सदस्य, शिक्षक अथवा विद्यार्थियों को **"टोबैको मॉनिटर"** के रूप में नामित किया जाना है। यदि किसी विद्यार्थी को टोबैको मॉनिटर नामित किए जाता है तो यह ध्यान में रखा जाये कि वह कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत हो। इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि मॉनिटर स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करता हो। टोबैको मॉनिटर की जिम्मेवारी होगी कि विद्यालय परिसर में कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का तम्बाकू सेवन नहीं करें साथ ही तम्बाकू नियंत्रण कानून का उल्लघंन नहीं हो। विद्यालय परिसर में मुख्य स्थानों पर निम्नांकित प्रारूप के अनुरूप टोबैको मॉनिटर के नाम, पद व फोन नंबर अंकित किया जाना है।

मॉनिटर का नाम, पदनाम और सम्पर्क सूत्र

मॉनिटर का नाम .....

पदनाम .....

सर्म्पक सूत्र/मोबाईल नं. .....

शिक्षण संस्थान का नाम .....

गतिविधि– 7: ''तम्बाकू उपयोग नहीं करने'' के नियम शिक्षण संस्थान की आचार संहिता में सम्मिलित करना।

संस्थान–प्रबंधन, शिक्षण संस्थान परिसर में किसी भी स्थिति में किसी भी व्यक्ति को धूम्रपान/तंबाकू का उपयोग नहीं करने देगा; उक्त पर नजर रखने हेतु **नो टोबैको यूज आचार संहिता** तैयार करेगी तथा उक्त आचार संहिता के उल्लंघन पाये जाने पर उल्लंघनकर्त्ता के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

शिक्षण संस्थान के अंदर कोई भी व्यक्ति यथा– विद्यार्थी, शिक्षक, अन्य कर्मचारी, निजी/सरकारी शिक्षण संस्थानों में अस्थाई रूप से कार्य हेतु आने वाले, बस ड्राईवर, अभिभावक तथा पीटीएम सदस्य विद्यालय परिसर में धूम्रपान करता हुआ अथवा तम्बाकू तथा तंबाकू उत्पादों का सेवन करता हुआ अथवा इस हेतु प्रेरित करता हुआ या तम्बाकू उत्पाद वितरित करता हुआ पाया जाता है, तो कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के अंतर्गत दण्डनीय है। इस हेतु उक्त धारा के सेक्सन 21 के तहत 200 रुपये तक की राशि दण्ड स्वरूप वसूल की जा सकती है। उक्त प्रतिबन्ध का पुनः उल्लंघन करते हुए पाये जाने की अवस्था में सम्बन्धित विद्यार्थी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा सम्बन्धित कर्मी के विरूद्ध विभागीय प्रावधानानुसार सक्षम प्राधिकारी को तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा–2003) में विहित प्रावधानों के अनुरूप तत्काल निर्दिष्ट कार्रवाई सम्पादित किया जायेगा।

